शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

809

SECOND TERMINAL EVALUATION - 2015
Third Language
HINDI

कक्षा - VIII | कुल स्कोर : 40

सामान्य निर्देश:- समय : 1½ घंटे

- निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- 15 मिनट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी केलिए है ।
- 7 से 10 तक और 20 से 22 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं ।

1. तालिका की पूर्ति करके लिखें। 3

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
बात उस मंगलवार की	....	डॉ. रमणी अटकुरी
....	पत्र	अब्रहाम लिंकन
सुख-दुख	कविता	....

2. कोष्ठक से घटना चुनकर सही क्रम से लिखें। 2

- अरुण गाँधी अपने पिताजी के साथ शहर की ओर निकला।
- ....
- जॉन बेन की एक दिलचस्प फिल्म देखते-देखते समय बीत गया।
- ....

(शाम को छह बजे पिताजी के पास पहुँचा।

पिताजी को मीटिंग की जगह छोड़ा।)

3. निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से डॉ. रमणी अटकुरी की विशेषताएँ चुनकर लिखें। 2

- गरीबों को प्यार करनेवाली।
- नौकरी के प्रति समर्पण-भाव रखनेवाली।
- अपने आप को महान समझनेवाली।

सूचना : 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।

4. मज़दूर को मालूम है अपनी बीमारी का कारण। 1
बीमारी का कारण क्या है ?
(गरीबी, अमीरी, ईमानदारी)

5. नकल करके पास होने से फेल होना बेहतर है। यह किसका विचार है ? 1
(अकबर का, अरुण गाँधी का, अब्रहाम लिंकन का)

6. ज्ञान का उपयोग किसके लिए होना चाहिए ? 1
(बुराई, भलाई, लड़ाई)

सूचना : 7 से 10 तक के प्रश्नों से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। **(3 × 2 = 6)**

7. 'अविरत सुख भी उत्पीड़न'- क्या आप इससे सहमत हैं ? क्यों ?

8. पैसा कमाने के संबंध में अब्रहाम लिंकन का मत क्या है ?

9. अरुण गाँधी और उनके दो बहिनें हमेशा शहर जाने के इंतज़ार में रहते थे। क्यों ?

10. "डॉक्टर तुम्हीं बताओ - यह सीलन कहाँ से आई"? आपकी राय में सीलन कहाँ से आई होगी ?

सूचना : निम्नलिखित आशय पढ़कर उससे संबंध रखनेवाली पंक्ति चुनकर लिखें।

11. खजूर के पेड़ के समान बड़े होने से कोई फ़ायदा नहीं है। 1
   - रहीम वे नर धन्य है, पर उपकारी अंग।
   - बडा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।

सूचना : नमूने के अनुसार अर्थ चुनकर लिखें । 3

12.

हार	पराजय
दुनिया	
इंसान	
मेहनत	
आसमान	
शर्म	
सबक	

लज्जा
संसार
गगन
सीख
मनुष्य
परिश्रम

सूचना : निम्नलिखित वाक्यों का संशोधन करके पुनर्लेखन करें।

13. रामू अच्छा लड़का है। उसका घर में एक छोटा कुत्ता है। वह का नाम नीलू है। वह ज़ोर से भौंकने पर सब लोग डर जाते था। 2

सूचना : कवितांश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दाँतों ने जीभ से कहा;
"निडर, संभलकर रह।
हम बत्तीस हैं और तू अकेली
चबा जाएँगे।"
बोली जीभ,
"मालिक, आप सब झड़ जाएँगे एक दिन
फिर भी मैं रहूँगी
जब तक यह शरीर है।"

(अरुण तमल)

(झड़ना - പൊഴിയുക, जीभ - നാവ്, संभलना - ജാഗ്രതയുണ്ടാകുക)

14. 'हम बत्तीस हैं'। यहाँ 'हम' कौन है ? 1

15. कविता केलिए उचित शीर्षक लिखें ? 1

16. कविता का आशय लिखें । 3

सूचना : गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जल प्रकृति की अमूल्य संपदा है। भारत उन संपन्न देशों में एक है, जहाँ जल विपुल मात्रा में उपलब्ध है। लेकिन कठिनाई यह है कि सभी जगहों पर यह सुलभ नहीं है। जल केवल जल नहीं है, यह जीवन का आधार है।

17. प्रकृति की अमूल्य संपदा क्या है ? 1

18. जल का महत्व क्या है ? 1

19. मातृभाषा में अनुवाद करें। 3

भारत उन संपन्न देशों में एक है, जहाँ जल विपुल मात्रा में उपलब्ध है। लेकिन कठिनाई यह है कि सभी जगहों पर यह सुलभ नहीं है।

सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो का उत्तर लिखें। (2 × 4 = 8)

20. बिंदुओं की सहायता से 'सफल जीवन' विषय पर लघु लेख तैयार करें।

- सच बोलना
- स्वार्थी न होना
- देशप्रेमी बनना
- विश्वास पर अड़िग रहना
- प्रकृति की रक्षा करना

21. राजमहल में शाहंशाह अकबर और बूढ़ी महिला के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

22. आप का स्कूल, वार्षिकोत्सव मनाने की तैयारी में है। इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

(कार्यक्रम, स्थान, तारीख, मेहमान etc.)